दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र 2017–18

***ASSIGNMENT***

कक्षा – दसवीं

विषय – हिंदी

निर्देशः 1 **इस पत्र में चार खंड हैं – खंड क, ख, ग, घ।**

2 **सभी खंडों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

3 **सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें।**

**खंड (क)**

प्रश्न–1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

सदाचार से अर्जित धन सच्चा धन कहलाता है जो बुरे प्रभाव से हमें बचाता है। इससे जहाँ अपना और स्वजनों का पालन–पोषण हाता है वहीं दूसरी ओर यह अर्थ–प्रतिष्ठा भी प्राप्त कराता है। यह निर्धन व दरिद्रों की सहायता में भी योग देता है। भ्रष्टाचार से प्राप्त धन व्यक्ति के शील, स्वभाव, सत्य, धैर्य आदि सच्चे गुणों को नष्ट कर देता है। यह मनुष्य को दुष्चरित्र बना देता है। यह मनुष्य में धन की लालसा जगाकर उसे स्वार्थी व धन का गुलाम बना देता है। यह मनुष्य की आंतरिक शक्ति को समाप्त करके उसे पशु–तुल्य बना देता है। यह मनुष्य को निद्रा और भय का पुतला बना देता है।

यदि बुरे कार्यों से धन कमाया जाता है तो उस धन का कोई औचित्य नहीं होता। यदि धन–सम्पत्ति नष्ट भी हो गई तो समझो कुछ भी नष्ट नहीं हुआ। यदि व्यक्ति का बाहरी रूप, स्वास्थ्य, तेज, सौंदर्य और प्रतिष्ठा नष्ट हो गई तो समझो कि कुछ नष्ट अवश्य हुआ है, परंतुयदि मानव का सदाचार, शील–स्वभाव, धैर्य, क्षमा आदि आंतरिक गुण नष्ट हो गए तो समझना चाहिए कि मनुष्य पूर्णतः नष्ट हो गया। सदाचार का पालन करते हुए धन का उपार्जन करना और सुंदर सभ्य व्यवहार करने वाला व्यक्ति शिष्ट कहलाता है। सभ्य और शिष्ट आचरण ही शिष्टाचार कहलाता है। सदाचारी महात्मा अपने शिष्ट व्यवहार से अन्य जनों को न केवल सुप्रभावित ही करते हैं अपितु वे अन्यों के लिए अनुकरणीय भी बन जाते हैं।

(क) कौन–सा मनुष्य शिष्ट कहलाता है?

(ख) सच्चा धन किसे कहते हैं और क्यों?

(ग) भ्रष्टाचार के धन से क्या–क्या हानियाँ होती हैं?

(घ) मनुष्य का चरित्र पूरी तरह कब नष्ट हो जाता है?

(ङ) सदाचारी महात्मा अपने शिष्ट व्यवहार से क्या करते हैं?

प्रश्न–2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

कृत्रिम शांति सशंक आप
अपने से ही डरती है,
खड्ग छोड़ विश्वास किसी का
कभी नहीं करती है।
और जिन्हें इस शांति–व्यवस्था
में सुख–भोग सुलभ है,
उनके लिए शांति ही जीवन–
सार सिद्धि दुर्लभ है।
पर, जिनकी अस्थियाँ चबाकर,
शोणित पीकर तन का,
जीती है यह शांति, दाह
समझो कुछ उनके मन का!

(क) कृत्रिम शांति किससे और किस प्रकार भयभीत रहती है?

(ख) खड्ग द्वारा स्थापित शांति में क्या दुर्लभ होता है?

(ग) ऐसी शांति की विजय होने पर भी पूर्ण क्यों नहीं होती है?

**खंड (ख)**

प्रश्न–3 शब्द व पद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न–4 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–

(क) मैं पुस्तकालय गया और पुस्तकें लाया (सरल वाक्य बनाइए)

(ख) आधुनिक साधनों का प्रयोग होने लगा है, खेतों की पैदावार बढ़ गई है।
(मिश्र वाक्य बनाइए)

(ग) सलमान खान ने हिरन का शिकार किया। उसे जेल जाना पड़ा। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(घ) 'नीलाकाश', घर–घर (समस्त पद का विग्रह करके समास का नाम लिखिए)

(ङ) सात सौ का समाहार, बादल के समान वर्ण वाला (कृष्ण)

(समास विग्रहों को समस्त पद में बदलकर समास का नाम लिखिए)

प्रश्न–5 अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए –

(क) ताज़ा गाय का दूध कहाँ मिलता है?

(ख) वहाँ भारी भरकम भीड़ जमा थी।

(ग) मुझसे बेफिजूल की बातें मत करो।

(घ) हमारे पाठ्यक्रम के दो भाग हुए हैं।

प्रश्न–6 निम्नलिखित मुहावरों को वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए।

(क) शब्द चाटना

(ख) आँखों में तैरना

**खंड (ग)**

प्रश्न–7 पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज़ नहीं असल चीज़ है बुद्धि का विकास।

(आशय स्पष्ट कीजिए)

(ख) 'व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है – कैसे।'

(आशय स्पष्ट कीजिए)

(ग) तताँरा क्यों प्रसिद्ध था? उसकी तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था?

प्रश्न–8 स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व देशवासियों की जो भावनाएँ देश के प्रति थी, आज उनमें क्या परिवर्तन आया है? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न–9 पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) मनुष्यता कविता में कवि द्वारा 'अतीव भाग्यहीन' किसे कहा गया है और क्यों? स्पष्ट कीजिए।

(ख) मीराबाई ने श्री कृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है?

(ग) 'पर्वत प्रदेश में पावस' में ताल को विशाल दर्पण क्यों कहा गया है?

प्रश्न–10 बिहारी के दोहे 'गागर में सागर' के समान कैसे हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न–11 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर लेखक के स्कूली जीवन के अनुभवों का उल्लेख कीजिए। आज की शिक्षा व्यवस्था के अनुसार आपके विचार में स्कूली वातावरण कैसा होना चाहिए?

**खंड (घ)**

प्रश्न–12 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80–100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए –

(क) सड़क दुर्घटनाएँ

**संकेत बिंदु**

'सड़क दुर्घटनाएँ चिंता का विषय' दुर्घटनाओं का प्रभाव' दुर्घटनाओं के कारण ' नियमों का पालन न करना ' सरकार द्वारा नियमों में ढील।

(ख)मंगल पर भारत का मंगलागमन

**संकेत बिंदु**

'मॉम (मार्स ऑर्बिटर मिशन) का परिचय'उपलब्धियाँ ' उद्देश्य ' उपसंहार

प्रश्न–13 विद्यालय में रक्त दान शिविर आयोजित करवाने के लिए अपने विद्यालय की प्रधानाचार्य जी को एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

प्रश्न–14 लड़कियों को आत्मरक्षा में सक्षम बनाने के लिए आपके विद्यालय में जूड़ो–कराटे की व्यवस्था की जा रही है प्रधानाचार्य जी की ओर से इससे संबंधित सूचना लगभग 20–30 शब्दों में सूचना–पट पर लिखिए।

प्रश्न–15 वोट डालना हमारा एक अति महत्त्वपूर्ण कर्त्तव्य है। इस विषय पर अध्यापक और छात्र के मध्य होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए।

प्रश्न–16 डेंगू/मलेरिया जैसी बीमारियों से लोगों को जागरुक करने के लिए लगभग 25–30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।